Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 12 अक्तूबर, 2023

लोकनायक जयप्रकाश नारायण जयंती

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है।

- **11 अक्तूबर 1902** को सिताबदियारा, **बिहार में जन्मे जयप्रकाश नारायण, जिन्हें जे.पी. अथवा लोकनायक (पीपुल्स लीडर)** के नाम से जाना जाता है, एक भारतीय स्वतंत्रता कार्यकर्त्ता, समाज सुधारक व राजनेता थे।
    - वे अमेरिका के **मार्क्सवादी विचारों** और गांधीवादी विचारधारा दोनों से प्रभावित थे।
- वर्ष 1929 में वह भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस में शामिल हुए और सविनय अवज्ञा आंदोलन तथा भारत छोड़ो आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।
- विनोबा भावे से प्रेरणा लेकर उन्होंने **भूमिहीनों को भूमि पुनर्वितरण की वकालत करते हुए, भूदान यज्ञ आंदोलन** के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया।
- उन्होंने चुनावी कानून के उल्लंघन के जवाब में इंदिरा गांधी शासन के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्त्व किया, **वर्ष 1974 में 'संपूर्ण क्रांति'** अथवा **टोटल रेवोलुशन** के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।
    - 'संपूर्ण क्रांति' के सात घटक थे: राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, वैचारिक, शैक्षिक और आध्यात्मिक।
- जयप्रकाश नारायण उद्देश्य सर्वोदय के आदर्शों के अनुरूप सामाजिक परिवर्तन लाना था, यह एक गांधीवादी दर्शन है तथा सभी की प्रगति पर केंद्रित है।
- जयप्रकाश नारायण को वर्ष 1999 में मरणोपरांत **भारत रत्न** से सम्मानित किया गया। 8 अक्तूबर, 1979 को उनका निधन हुआ।

//

नानाजी देशमुख की जयंती

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने नानाजी देशमुख को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है।

- 11 अक्तूबर, 1916 को महाराष्ट्र के हिंगोली ज़िले में जन्में नानाजी देशमुख एक प्रमुख**सामाजिक कार्यकर्त्ता, राजनीतिज्ञ और भारत के राजनीतिक परिदृश्य में एक प्रमुख व्यक्ति** थे।
- उन्होंने आचार्य विनोबा भावे के भूदान आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया।
- उन्होंने **सामाजिक सुधार, स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण आत्मनिर्भरता** पर ध्यान केंद्रित किया।
- उन्होंने **गरीबी विरोधी और न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम** की दिशा में काम किया।
- उन्होंने चित्रकूट में भारत के पहले ग्रामीण विश्वविद्यालय, **चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय** की स्थापना की और इसके कुलाधिपति के रूप में कार्य किया।
- वर्ष 1999 में उन्हें राज्यसभा के लिये नामित किया गया था।
- वर्ष 1999 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया और **वर्ष 2019 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा मरणोपरांत** भारत रत्न से सम्मानित किया गया।
- **मृत्यु: 27 फरवरी, 2010**

और पढ़ें: जयप्रकाश नारायण और नानाजी देशमुख की जयंती

विश्व दृष्टि दिवस

विश्व दृष्टि दिवस (World Sight Day) एक वैश्विक कार्यक्रम है **प्रत्येक वर्ष अक्तूबर माह के दूसरे गुरुवार** को आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य **अंधापन और दृष्टि बाधिता** की ओर ध्यान आकर्षित करना है।

- वर्ष 2023 में, यह दिवस 12 अक्तूबर को मनाया जा रहा है और इसकी थीम है "**Love your eyes at work**" अर्थात् "**काम करते समय अपनी आँखों से प्यार करें**।"
  - इस वर्ष लोगों को **कार्यस्थल पर अपनी दृष्टि की सुरक्षा** के बारे में शिक्षित करने पर ज़ोर दिया जा रहा है।
- विश्व स्तर पर, **कम-से-कम 1 बिलियन लोगों** को निकट या दूर दृष्टि दोष है जिसे रोका जा सकता है या अभी तक इसका समाधान नहीं किया जा सका है (विश्व स्वास्थ्य संगठन)।

और पढ़ें: विश्व दृष्टि दिवस

ऑपरेशन अजय

भारत ने **इज़राइल** से लौटने के इच्छुक अपने नागरिकों की सहायता के लिये "**ऑपरेशन अजय**" शुरू किया है। उनकी सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिये विशेष चार्टर उड़ानें और व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

- इजराइल और फलिस्तीन की स्थिति पर नज़र रखने और जानकारी एवं सहायता प्रदान करने के लिये **विदेश मंत्रालय** में 24 घंटे उपलब्ध का नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।
- यह घोषणा **गाजा पट्टी में हमास उग्रवादियों** को लक्षित करने के उद्देश्य से इजराइल द्वारा चलाए जा रहे सैन्य अभियानों को देखते हुए की गई थी।
    - **इजराइल द्वारा यह कार्रवाई उसकी सीमाओं के भीतर** हुए एक गंभीर और हिंसक हमले के जवाब में की गई थी।

और पढ़ें: इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष

बॉण्ड निवेशकों के लिये 'SUGAM REC' मोबाइल एप

विद्युत मंत्रालय के अधीन एक **महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम** REC लिमिटेड ने '**SUGAM REC**' नामक एक मोबाइल एप्लीकेशन पेश किया है, जिसे विशेष रूप से **REC** के **54EC** पूंजीगत लाभ कर **छूट बॉण्ड** में वर्तमान और संभावित निवेशकों के लिये डिज़ाइन किया गया है।

- यह एप REC 54EC बॉण्ड में निवेश के बारे में व्यापक जानकारी प्रदान करता है, जो एक प्रकार का निश्चित आय वाला वित्तीय साधन है और आयकर अधिनियम की **धारा 54EC** के तहत **पूंजीगत लाभ पर कर छूट** प्रदान करता है।
    - **पूंजीगत लाभ** शब्द किसी भी लाभ को संदर्भित करता है जो **पूंजीगत परिसंपत्ति** की बिक्री से प्राप्त होता है।
- REC लिमिटेड की स्थापना **वर्ष 1969 में की गई थी।** यह एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) के रूप में काम करती है तथा पूरे भारत में विद्युत क्षेत्र के वित्तपोषण एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-12-october,-2023